## खबर संक्षेप

### शक्ति वंदन से होगा महिलाओं का सशक्तिकरण

**छिंदवाड़ा।** महिलाओं के आर्थिक विकास के लिए शक्ति वंदन अभियान मील का पत्थर साबित होगा। यह बात ज़िला भाजपा अध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने कही है। वे ज़िला भाजपा कार्यालय में शक्ति वंदन कार्यक्रम की कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे । कार्यशाला में भाजपा जिलाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि शक्ति वंदन अभियान का उद्देश्य पूरे देश में 1 करोड़ स्व सहायता समूह एवं एनजीओं तक संपर्क स्थापित कर 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प से जोड़ना है । विवेक बंटी साहू ने कहा की भारतीय जनता पार्टी महिलाओं के हित में निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश से कार्यशाला के लिए नियुक्त प्रवक्ता पांढुर्णा जिले की नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती वैशाली महाले ने उपस्थित मातृशक्तियों को संबोधित करते हुए कहा स्व सहायता समूओं और एनजीओं के माध्यम से हम छिंदवाड़ा की एक-एक बहन से भी जुड़ सकते है और बहनों का जीवन स्तर उठाने में भारतीय जनता पार्टी सबसे अग्रणी पार्टी है जिसके लिए हमें निरंतर कार्य करना है ।
लोकसभा संयोजक शेषराव यादव ने भी संवाद करते हुए बहनों को संगठन कार्यो को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया । इस कार्यक्रम की प्रभारी श्रीमती कांता ठाकुर एवं सहप्रभारी महिला मोर्चा जिला महामंत्री एडव्होकेट ललिता वर्मा के साथ वरिष्ठ भाजपा नेत्री श्रीमती भारती साहू, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती अमिता बरैया, श्रीमती रीना देशमुख, जिला मंत्री श्रीमती उदिता यादव, श्रीमती सपना सोनी, सहकार्यालय मंत्री श्रीमती ममता चौहान, सोशल मीडिया प्रभारी श्रीमती मनीषा ढवाले, नगर मंडल अध्यक्ष श्रीमती माया बंदेवार, श्रीमती जया विश्वकर्मा, श्रीमती लीला बजोलिया, श्रीमती नीलू क्षेत्री, श्रीमती निशा गोस्वामी, ब्रजकुमारी वर्मा, भारती जैन सहित महिला मोर्चा की सभी जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं स्व सहायता समूह की बहनों ने हिस्सा लिया ।

## कांक्रीट में रेत की जगह हो रहा क्रेशर डस्ट का उपयोग, जर्जर पाइप का किया जा रहा उपयोग

# सर्पाकार बन रही पुलिया में भौतिक सत्यापन किए जाने के बाद होगा बड़ा भ्रष्टाचार उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

तामिया जनपद पंचायत से लगी ग्राम पंचायत बिजोरी जिसमें वर्षो से पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक के पद रिक्त पड़े हैं। इसी के चलते इसका प्रभार पड़ोस की ही ग्राम पंचायत सचिव के पास अतिरिक्त प्रभार होने के कारण इस ग्राम पंचायत के काम सुचारू रूप से नहीं हो रहे हैं। साथ ही ग्रामीणों के जो पंचायत से संबंधित कार्य हैं वह भी बाधित ही हो रहे हैं। सचिव की अपनी मजबूरी भी है। लेकिन इस ग्राम पंचायत में चल रहे मनरेगा सहित अन्य मदो से निर्माण कार्यों में पुल, पुलिया पोखर, सीसी रोड, सहित रोजगार मूलक काम बाधित होने के साथ-साथ घटिया स्तर के हो रहे हैं। क्योंकि उपयंत्री भी



तकनीकी मार्गदर्शन देने में कभी आगे नजर नहीं आये। उसी के कारण सचिव को मजबूरन दूसरे लोगों का सहयोग निर्माण कार्य करवाने में लेना पड़ रहा है। इसी के कारण इन कामों में व्यापक पैमाने



पर भ्रष्टाचार भी साफ देखने को मिल रहा है। जिसकी एक वानगी है। ग्राम पंचायत बिजोरी से बुदला पठार मार्ग पर बना रही पुलिया जिस पर नाला नाम की चीज नहीं है। वहां तीन लेन पाइप की पुलिया बनाना तकनीकी अमले की भ्रष्टाचार की मदद से यहां पर पुलिया भ्रष्टाचार करने की गरज से स्वीकृत कर दी? इस पुलिया में किस स्तर का भ्रष्टाचार किया जा रहा है !यह साफ देखा जा सकता है! कि इसमें अनावश्यक रूप से लंबी , , बिग बाल टूटे पाइप जो स्टीमेट के हिसाब से इसमें कंक्रीट के लिए गिट्टी लाई गई है। वह बे साइज है । ऊपर से इसमें रेत की जगह क्रेशर डस्ट से कंक्रीट की जा रही है। ना तो विधिवत वाल खोदी गई हैं। खुदाई के नाम पर, , रस्म अदायगी स्पष्ट दिख रही है। वहीं पाइप ऐसे रखे गए हैं। जैसे इसमें तकनीकी मार्गदर्शन दिया ही नहीं गया ? जिससे स्पष्ट होता है। कि इस पुलिया के पाइप मिस्त्री मजदूरों ने अपने विवेक से रख दिए? यदि ईस पुलिया का भौतिक सत्यापन किया जाएगा? तो इसमें किए गए घटिया निर्माण कार्य की पोल खुलेगी और इसमें किया गया भ्रष्टाचार एवं अनावश्यक रूप से बनाई गई तीन लेन पाइप की पुलिया तकनीकी मार्गदर्शन की भी पोल खुलेगी इसमें सबसे खास बात यह है। कि यह जो पुलिया बनाई जा रही है । पूर्व में यहां पुलिया भी थी ?उसे अनावश्यक रूप से तोड़कर भ्रष्टाचार करने छोटे से नाले पर बड़ी पुलिया बनाकर भ्रष्टाचार का नया पैमाना तय किया गया? इतनी सारी कमियों का अगर भौतिक सत्यापन होगा तो इस पुलिया में बड़ा भ्रष्टाचार उजागर होगा।

## नागपुर में आईकोनिक अवार्ड से सम्मानित हुई तुलसी



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

मांडल, मेकअप आर्टिस्ट तुलसी ओरेहा को नागपुर में आयोजित कार्यक्रम में आईकोनिंक अवार्ड से सम्मानित किया गया । कंचन गड़करी और टीवी आर्टिस्ट उर्मिला शर्मा के हस्ते उन्हें अवार्ड प्रदान किया गया । तुलसी ओरेहा आईकोनिक वुमन एंड किड्स अवार्ड की वीवीआईपी गेस्ट भी थी । नागपुर में आईकोनिक वुमन एंड किड्स अवार्ड का आयोजन रोजेटा क्लब में किया गया। वेरोनिका माईकल, जयश्री नायर, शुभांगी झांडे ने इस कार्य्रक्रम का आयोजन किया था। कार्यक्रम में कंचन गडकरी, और टीवी स्टार उर्मिला शर्मा ने पुरस्कार वितरण किया। उर्मिला शर्मा बालिका वधु, दिया और बाती हम, ये रिश्ता क्या कहलाता है , जैसे टीवी सीरियल्स में काम कर चुकी हैं । वीआईपी गेस्ट तुलसी ओरेहा, डेजलिंग डिवा आफ इंडिया 2023 में मलिका ए ताज, का खिताब जीत चुकी है । तुलसी ओरेहा डब्ल्युसीएल के जीएम आफिस परासिया मे कार्यरत मन्नु लाल ओरेहा की पुत्री हैं । वार्ड क्रमांक 12 न्यू कालोनी बाबू लाईन परासिया में निवास करती हैं । इससे पहले टीवी अभिनेता समीर खान और जयति भाटिया उन्हें सम्मानित कर चुके है। तुलसी ओरेहा ओशो की विचार धारा से जुड़ी है। नागपुर के इस अवार्ड फंक्शन में नृत्य प्रतियोगिता , फैंसी ड्रेस, गायन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। तुलसी ओरेहा ने कहा कि भविष्य में वे और बेहतर कर क्षेत्र का नाम रोशन करने का प्रयास करेंगी।

### श्री आदिनाथ जिनालय में हुआ रत्नत्रय विधान

**छिंदवाड़ा।** इन दिनों मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा सहित सम्पूर्ण विश्व की सकल जैन समाज अहिंसा के प्रणेता वर्तमान शासन नायक 1008 तीर्थंकर महावीर भगवान का 25 सौ 50 वां निर्वाण महोत्सव वर्ष मनाकर विविध अनुष्ठानों के माध्यम से जिनशासन की मंगल प्रभावना कर रहा है।जैन युवा फेडरेशन के सचिव दीपक राज जैन ने बताया की मंगलमय प्रसंग पर 31 जनवरी के शुभ दिन नगर के अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में श्री रत्नत्रय विधान का मंगलमय आयोजन किया गया।जिसे कराने का सौभाग्य मुमुक्षु मंडल के कोषाध्यक्ष एवं जैन युवा फेडरेशन के संरक्षक विजय कुमार कौशल परिवार से श्रीमती ममता अजय कौशल, अनिता संजय पप्पू कौशल, श्रीमती मोनिका अखिलेश कौशल परिवार को प्राप्त हुआ।जिसमे बड़ी संख्या में जिनवाणी तत्वरसिक जैन बंधुओं ने रत्नत्रय अर्थात सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान एवं सम्यक चारित्र की पूजन किया गया।

## रिटायर्ड कामगारों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

सेवा से निर्वत होना एक सतत प्रक्रिया है,लेकिन नौकरी के दायित्वो को पूरी ईमानदारी से निर्वहन कर सेवानिवृत्ति की दहलीज़ पार कर लेना बड़ी बात है । यह बात बुधवार को वेकोलि पेंच एरिया के माथनी माइंस परिसर में लिपिक पद सेवानिवृत्त हुए श्री राम खिलावन दिवाकर और श्री गौकुल प्रसाद बिहारे के सम्मान में सब एरिया मैनेजर एम. एल.चौरे ने कही ।विदाई समारोह आयोजन में रामखिलवान दिवाकर और गौकुल प्रसाद बिहारे द्वारा अधिकारी , साथी कर्मियों को सहयोग के लिए



धन्यवाद और आभार व्यक्त किया गया । वेकोलि विभाग के तमाम अधिकारी व साथी कर्मियों ने उनके उज्वल भविष्य के लिए कामना की ।इस अवसर पर माथनी खान प्रबंधक एम.बी.राम, उप प्रबंधक अनिल मौर्या, ट्रेड यूनियन से पेंच कन्हान बी.एम.एस.महामंत्री तेजप्रताप शाही, अच्छे लाल गुप्ता, दिलीप निसाद, धर्मेंद्र साहू, इंटक यूनियन से नागेन्द्र चौधरी, रोहन कुमार, जागेश पटेल,सुनील मालवी, नंदकिशोर वारसिया, किशोर मारपे समस्त संगठन के पदाधिकारी एवं कामगार उपस्थित थे।

### 2 से 7 फरवरी तक उर्स शरीफ

**पांढुर्ना :** विकासखंड के ग्राम बडचिचोली में आगामी 2 से 7 फरवरी तक प्रतिवर्षानुसार उर्स शरीफ का धूमधाम से आयोजन किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हजरत ख्वाजा शेख फरीद की याद में फरीद वाटिका में मनाया जानेवाला यह 61 वां उर्स शरीफ है। उर्स एवं दरबार कमेटी उपाध्यक्ष शेख नूर मोहम्मद ने बताया कि2 फरवरी को सुबह 10 बजे उरबार में शाही निशान फहराया जाएगा। इसके बाद बाबा की मजार पर चादर पेश की जाएगी और ग्राम के देवी देवताओं की पूजा की जाएगी। 4 फरवरी की शाम को एक शाही संदल निकलेगा जो ग्राम के विभिन्न रास्तों से गुजरेगा। 5 फरवरी की रात्रि में कव्वाली का मुकाबला होगा। इसके बाद रोज अलग अलग कार्यक्रम होंगे। 7 फरवरी को दोपहर 1 बजे से हभप पांडुरंग मुरूमकार महाराज का कीर्तन होगा। इसके बादनगर भोज होगा।

## माता-पिता की सेवा में ही है ईश्वर सेवा : माउली महाराज

**पारडसिंगा।** वर्तमान परिवेश में संचार क्रांति और मोबाइल का युग चल रहा है। ऐसे में बच्चे युवा बूढ़े सभी मोबाइल और आधुनिक उपकरणों के उपयोग से ग्रसित है। कई लोग अपने घर परिवार बच्चों को नौकरी व्यवसाय बाहरी काम या फिर अधिक पैसे



कमाने के लालच में समय नहीं दे पाते हैं। ऐसे में परिवारों को टूटने बिखरने में समय नहीं लगता है। आपाधापी और लालच की जिंदगी में परिवार का सुख चैन प्रेम आपसी भाईचारा समाप्त होता जा रहा है।हमें संयुक्त परिवार के साथ-साथ अपने परिवार के बुजुर्गों माता-पिता भाई बहन का हर परिस्थिति में साथ सम्मान करना चाहिए उपरोक्त उदद्गार ग्राम पारड़सिंगा में आयोजित सती अनसूया माता पुण्यतिथि महोत्सव समापन अवसर प्रसिद्ध बाल कीर्तनकारहरिभक्त परायण माउली महाराज जाहुरकरकीर्तन के माध्यम से व्यक्त किये।बाल कीर्तनकार माउली महाराज ने कहाहम कितने ही आधुनिक हो जाए। परंतु भारतीय संस्कृति की रक्षा एवं माता-पिता सास ससुर की सेवा बड़े बुजुर्गों का सम्मान और आशीर्वाद के लिए काम करना है। क्योंकि माता-पिता की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। ग्राम में 29 फरवरी से पुण्यतिथि महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था।तीन दिन ही चले आयोजन में बड़ी संख्या में ग्राम के अलावा आसपास के ग्रामों के भक्तों ने पहुंचकर पुण्यतिथि महोत्सव का पुण्य लाभ लिया है। बुधवार को संपन्न हुए दही लाई एवं महाप्रसाद वितरण में भी हजारों की तादाद में सती अनसूया माता के भक्तों ने पहुंचकर आयोजन मैं उपस्थिति दी।

## माहेश्वरी महिला मंडल ने की शाला में नुक्कड़ नाटिका



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

माहेश्वरी महिला मंडल शाखा सौंसर की सदस्यों द्वारा शास. प्रभावती मानेकर उ.मा. विद्या. में नुक्कड नाटिका प्रस्तुत कर छात्र/छात्राओं को साईबर काइम के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।महिला मंडल की सदस्या श्रीमती श्वेता बागानी, स्नेहा राठी, मयुरी चांडक, सूचिता बागानी, प्रियंका भूतडा, ज्योति डांगरा, प्रियंका बागानी, तृप्ती जवंदिया आदि ने विद्यालय प्रांगण में एक जैसे युनिफार्म में नुक्कड नाटिका की प्रस्तुति दी, जिसमें कक्षा 1ली से कक्षा 12वी तक के उपस्थित छात्र/ छात्राओं एवं शिक्षक/ शिक्षिकाओं को नाटिका के माध्यम से माबाईल की लत, गेमिंग एप, साइबर लैंगिक अपराध, ई लोन, बैंक अकाउंट हैकिंग आदि के संबंध में सावधानिया बरतने और उससे बचने के लिये दिशा निर्देश दिये, जिसे विद्यार्थियों ने बहुत पसंद किया।संस्था प्राचार्य मोहम्मद रियाज ने महिला दल का सहृदय आभार व्यक्त किया साथ ही उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी काफी सराहना करते हुये इस पहल के लिये महिलाओं का अभिनंदन किया।

## दूसरे दिन भी जारी रहा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का धरना

### सौंसर के अस्पताल के अंदर चल रहा है आमरण अनशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर



चार सूत्रीय मांगों को लेकर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का धरना आंदोलन दूसरे दिन मंगलवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौसर मेंजारी रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की विविध मांगों को लेकर खैरीतायगांव स्थित उपस्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ स्वास्थ्य कार्यकर्ता निलकंठ विरखरे ने सोमवार से सिविल अस्पताल के सामने आमरण अनशन शुरु किया है। मंगलवार को भी बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य कर्मचारी एवं स्वास्थ्य संगठन से जुड़े हुए लोगों ने अस्पताल में पहुंचकर आंदोलन का समर्थन करते हुए आमरण अनशन पर बैठे श्री वीरखरे का समर्थन किया है।

मिली जानकारी के अनुसार आमरण अनशन परनिलकंठ के समर्थन में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने मंगलवार से फिल्ड में नहीं जाने की घोषणा की थी। मिली जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के द्वारा आमरण अनशन का समर्थन करते हुए मंगलवार को फील्ड में काम नहीं किया है। आमरण अनशन पर बैठे श्री विरखरे ने बताया कि स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के विविध समस्याओं के निराकरण की मांग लंबे समय से की जा रही है। लेकिन विभाग के अधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहे है। इस से स्वास्थ्य कार्यकर्ता परेशान है। विभाग के पास जो मांगे लंबित है उनमें मार्च 2018 एवं नवंबर 2021 में हुए हड़ताल के दौरान का 10 एवं 14 दिन का वेतन अब तक नहीं दिया गया है। जबकि शासन ने उसी समय हड़ताल के दौरान का वेतन देने के आदेश जारी किए गए है। 2023 में जनवरी से जून तक के चार प्रतिशत महंगाई भत्ते का एरियस नहीं मिला है। तीन किस्तों में इस का भुगतना होना चाहिए था। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने आमरण अनशन स्थल पर दिन भर नारेबाजी की।

स्वास्थ्य कर्मचारी नेता राजू खंडाईत का कहना है कि समस्या निराकरण में देरी के लिए विभाग के अधिकारी जिम्मेदार है। कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर पूर्व में कई बार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी छिंदवाड़ा को समस्याओं का पूर्व में कई बार अवगत किया जा चुका है।

## एसडीएम ने धरना स्थल पर आकर लिया ज्ञापन

### 17 सूत्रीय समस्याओं को लेकर पहुंचे जीएम मुख्यालय



हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

कन्हान क्षेत्र की लगातार बदहाल होती स्थिति को लेकर क्षेत्र के विधायक सुनील उइके ने ₹भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत कन्हान क्षेत्र के जीएम मुख्यालय पर नुक्कड़ सभा लेकर शुरू की ।यहाँ वेकोलि प्रबन्धन को कोयला खदान खोलने समेत कोयला खदान कामगारो से जुड़ी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया । यात्रा खापास्वामी ,दातलावादी, होते हुए जुन्नारदेव के गांधी चौक पर पहुँची । यहाँ श्रद्धांजलि सभा हुई और विधायक ने यहाँ एसडीएम जुन्नारदेव को क्षेत्र की 17 सूत्रीय समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा । इस दौरान क्षेत्र की आम जनता मजदूर संगठनों के पदाधिकारियों कोयला खदान श्रमिको के परिजनों ,क्षेत्र के व्यापारियों ने उनकी यात्रा को समर्थन दिया ।

### भूगोल विषय में शोध केंद्र के लिए निरीक्षण टीम का आगमन 6 फरवरी

**जुन्नारदेव।** आदिवासी अंचल में स्थित शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव के विद्यार्थियों को शोध की सुविधा प्रदान करने के लिए शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव द्वारा लगातार विशेष प्रयास किया जा रहे हैं, इसी कड़ी में महाविद्यालय में भूगोल विषय में शोध केंद्र बनाए जाने को लेकर निरीक्षण दल 6 फरवरी को महाविद्यालय में शोध केंद्र से संबंधित विभिन्न जानकारियां को इकट्ठा कर शोध केंद्र बनाए जाने की अनुमति प्रदाय करेगा। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ वायके शर्मा एवं भूगोल विभाग अध्यक्ष डॉ संगीता वाशिंगटन द्वारा शोध केंद्र संबंधित जानकारी प्रदान की गई है। महाविद्यालय में शोध केंद्र बन जाने पर आदिवासी अंचल जुन्नारदेव के विद्यार्थियों को इसका भरपूर लाभ मिल पाएगा।



### अवैध रूप से हो रहा है हर दिन पत्थरों का परिवहन

## अवैध उत्खनन पर कच्चीढाना के ग्रामीणों ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

ग्राम कच्चीढाना के ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय में पहुंचकर इस क्षेत्र में अवैध रूप से मैंगनीज खदान एवं ठेकेदारों के द्वारा अवैध रूप से किये जा रहे उत्खनन को लेकर एसडीएम अंकिता त्रिपाठी को ज्ञापन सोपते हुए कार्रवाई करने की मांग की है।

उपसरपंच चंद्रशेखर सोम कुंवर,जावेद शेख ने बताया की ग्रीन लोहिया कम्पनी व कृष्णापिंग मैंगनीज द्वारा रामपेठ कच्चीढांना क्षेत्र में अवैध रूप से उत्खनन कर शासन और राजस्व को करोड़ों रुपए का नुकसान पहुंचाया जा रहा है। यहां से हर रोज लाखो के



पत्थरों की हेरा फेरी ठेकेदार के द्वारा की जा रही है। अवैध रूप से चल रहा है कार्यों का जब ग्रामीणों के विरोध किया जाता है तो ठेकेदारों के गुंडो के द्वारा ग्रामीणों को धमकियां दी जाती है। साथ ही जबरन किसी भी मामलों में फसाने की धमकियां दि जाती है।ग्रामीणों ने आगे बताया कि ग्राम कच्चीढाना में कृष्णपपिंग मैंगनीज कम्पनी है।शासन के नियम विरुद्ध राजनीतिक गुणा भाग से यह कम्पनी संचालित हो रही है। कृष्णापिंग कम्पनी मैंगनीज का खनन करती है,जिसके साथ साथ मुरम पत्तर भी जमीन से निकलते है,कंपनी को केवल मैगनीज बेचने व परिवहन की अनुमति है। जबकि कम्पनी ग्राम सिलोरा में बन रहे लोहिया ग्रीन एनर्जी को अवैध रूप से पत्तरो की सप्लाई कर रही है।जिससे पर्यावरण को बड़ी हानि हो रही है।कम्पनी के पास पत्थरों को बेचने की कोई परमिशन अनुमति नही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से कार्रवाई कर न्याय देने की मांग की है।

### आवागमन में होती है राहगीरों को खासी परेशानी, जनता में काफी आक्रोश, अधिकारियों को आवेदन देकर किया निवेदन

# रजोला रोड में लगा घंटों जाम, सिंगल रोड एवं अतिक्रमण के कारण लगता है प्रतिदिन जाम





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी**

रजोला रोड़ में प्रतिदिन किसी न किसी कारण से रोड़ जाम हो जाता है जिसमें वाहन एवं आने जाने वाले को भारी परेशानी दिक्कतों को सामना करना पड़ रहा है।मेन रोड़ से लेकर नदी तक सिंगल रोड होने एवं अतिक्रमण होने के कारण घंटों रोड़ जाम रहता हैं। दिन भर में हर आधे 1 घंटे में रोजाना रोड़ जाम होता है । यहां तक की एंबुलेंस भी घंटे तक जाम में फंसी रहती है। वहीं ठेकेदार के द्वारा बड़े गांव से लेकर सिंगोड़ी बस स्टैंड तक रोड निर्माण करना था लेकिन सिर्फ रिछन नदी तक रोड निर्माण किया गया है। जिसको लेकरस्थानीय लोगों ने रोड जाम एवं अतिक्रमण को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवेदन देकर निवेदन किया लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।जिसको लेकर जनता में भारी आक्रोश दिखाई दे रहा है।

### गौ तस्करों के विरूद्ध ठोस कार्यवाही करने महादेव पार्टी ने सौंपा ज्ञापन



**छिंदवाड़ाः** महादेव पार्टी प्रमुख नेता नितिन राय ने जिले में आये दिन गौ तस्करी की घटनायें सामने आ रही हैं, और इसमें शामिल गौ तस्कर प्रशासन द्वारा ठोस कार्यवाही नहीं करने के कारण घटना को अंजाम देकर भाग जाते हैं परंतु पुलिस प्रशासन उन्हे गिरफ्तार नहीं कर पाता । उन्होंनें आरोप लगाया कि इन गौ तस्करों को राजनेताओं का खुला संरक्षण प्राप्त है इसलिये जिले में खुलेआम गौ हत्या हो रही है, गौ तस्करी की घटनायें बढ़ती जा रही है, उन्होनें आज जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर गौ तस्करी में शामिल राजनेताओं के नाम उजाकर कर उनके विरूद्ध एवं गौ तस्करी करने वाले आरोपियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की है, जिससे कि जिले में बढ़ रही गौ तस्करी एवं गौ हत्या पर रोक लग सके । चूंकि वर्तमान में पुलिस प्रशासन द्वारा इन गौ हत्यारों पर खानापूर्ति कार्यवाही कर छोड़ दिया जाता है जिसके कारण इनके हौसले बुलंद हैं । महादेव पार्टी ने चेतावनी दी है कि हमारे जिले में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो अन्यथा हिन्दु समाज द्वारा उग्र आंदोलन

## अनुभूति कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने जंगल की सैर की, जाना वन संरक्षण का महत्व



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ**

मध्य प्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉक्टर श्रीमती समिता राजोरा भारतीय वन सेवा अपर प्रधान वनरक्षक वन्य प्राणी संरक्षण एवं छिंदवाड़ा वन के सीसीएफ मधु वि राज पश्चिम मंडल के वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे के निर्देशन में तथा एसडीओ वन परासिया विजेंद्र खोब्रागड़े के मार्गदर्शन में मार्गदर्शन में दमुआ वन परिक्षेत्र के अंतर्गत दिनांक 23 जनवरी 2024 दिन मंगलवार को दमुआ रेंज के तहत कांगला डैम के पास कुलामऊ के जंगल में अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां मास्टर ट्रेनर श्री गोस्वामी जी के द्वारा वन्य प्राणी, पशु पक्षी ,जानवर जीव जंतु आदि सहित पर्यावरण वनस्पति कीमती वृक्ष जंगल वनों से संबंधित जानकारी भी प्राप्त की जबकि अनुभूति कार्यक्रम में वन्य प्राणियों व वनों के महत्व के विषय में समझाया गया और वनों को वन्य प्राणियों का स्वर्ग कहा गया जबकि कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री धर्मेंद्र शर्मा जी सहितवन परिक्षेत्र दमुआ के समस्त अधिकारी गण, नाकेदार, वनरक्षक, स्कूल के विद्यार्थी ,शिक्षक शिक्षिकाएं ,पत्रकार बंधु,सरपंच ,जनपद सदस्य ,जनप्रतिनिधि ,ग्रामीण जन सहित वन परिक्षेत्र से संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित थे इस तरह दिनांक 23जनवरी 2024 दिन मंगलवार को वन परिक्षेत्र दमुआ रेंज के तहत तवा नदी के किनारे घने जंगल में पहुंचकर अनुभूति कार्यक्रम में स्कूली बच्चों छात्र छात्रों ने भ्रमण किया जबकि कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित सब डिवीजन फॉरेस्ट ऑफिसर परासिया एसडीओ श्री विजेंद्र खोब्रागड़े एवं वन परीकक्षेत्र अधिकारी दमुआ श्री धर्मेंद्र शर्मा जी सहित रामपुर के सरपंच श्री शिव गोपाल धुर्वे और बानाबेहरा के सरपंच श्री मनीराम नर्रे मास्टर ट्रेनर्स श्री गोस्वामी जी एवं पूर्व सरपंच के पति मंजू अटकोम आदि मौजूद रहे।

## स्कूल के विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के सिखाए जा गुर



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ**

शासकीय एकीकृत माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला माइनस दमुआ में छात्र-छात्राओं को कराटे क्लास प्रशिक्षण मास्टर्स ट्रेनर श्री वीरेंद्र सिंह परमार द्वारा कराटे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जनवरी माह वर्ष 2024 से कक्षाएं नियमित रूप से प्रारंभ है जहां छात्र-छात्राएं बड़े उत्साह के साथ कराटे का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। एवं अपने आत्मरक्षा के गुण कराटे के माध्यम से सीख रहे हैं जबकि स्कूल के प्रधान पाठक महोदय श्री बालक राम साहू द्वारा सघन रूप से प्रशिक्षण पर ध्यान देकर प्रशिक्षण करवाया जा रहा है इस अवसर पर मुख्य रूप से स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं मास्टर ट्रेनर मुख्य रूप से उपस्थित रहते हैं ।

## नगर परिषद चाँद ने टीचर्स वेलफेयर सोसायटी को भूखंड किया आवंटित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई**



शिक्षा समाज और पर्यावरण के लिए कार्य करने वाली चाँद क्षेत्र की सामाजिक संस्था को नगर परिषद चाँद के अध्यक्ष ठाकुर दानसिंह द्वारा कार्यालय निर्माण हेतु गाँधी पार्क के पास तीस वाई तीस की भूमि आबंटित की , जिसका भूमिपूजन डॉ कामेंद्र मंडल अध्यक्ष चाँद सिंह ठाकुर, डॉ विजेंद्र सिंह ठाकुर , श्री गुनाराम बरोले , श्री लेखराम साहू , श्री डालचंद चौरासिया, श्री मेहरबान पटेल ,श्री नोखेलाल श्रीवास, श्री धरमसिंह , श्री प्रदीप जैन पूर्व विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी , श्री पोहपसिंह वर्मा अध्यक्ष श्री ए आर मिश्रा मार्गदर्शक द्वारा किया गया । सर्वप्रथम सभी अतिथियों को सोसाइटी की ओर से श्री दशरथ बरपेठे, श्री चंद्रशेखर अयोधि , श्री रघुनाथ वर्मा, श्री अशरफ खान, श्री अरविंद पाटिल, श्री हरिप्रसाद तुमराम , श्री सुरेश विश्वकर्मा , श्री पंकज विश्वकर्मा ,श्री भूपेंद्र ठाकरे द्वारा शाल श्रीफल प्रदान कर अभिनंदन किया गया तदुपरांत श्री ए आर मिश्र जी , श्री कृष्णकांत दुबे के नेतृत्व में भूमिपूजन किया गया एवम सभी ने कुदाल चला कर जल्द कार्य पूर्ण होने की आशा व्यक्त की । सोसाइटी की ओर से कार्यकारी अध्यक्ष श्री अनिल रघुवंशी द्वारा स्वागत वचन और सोसाइटी के कार्य से अवगत कराया गया संरक्षक श्री प्रदीप जैन ने अच्छे कार्य के लिए नगर परिषद अध्यक्ष की सराहना की । ठाकुर विजेंद्र सिंह एवम ठाकुर कामेंद्र सिंह ने बोलते हुए कहा कि वह माननीय ठाकुर दानसिंह जी के माध्यम से हर संभव मदद उपलब्ध करावेंगे ।

### नफीस कुरैशी की अम्मी सफीजा बेगम सुपुर्दे खाक

**वारासिवनी।** आशियाना होटल संचालक नफीस कुरैषी की 72 वर्षीय अम्मी सफीजा बेगम का मंगलवार की प्रातः 4 बजे गोंदिया में इलाज के दौरान इंतेकाल हो गया।



जानकारी अनुसार सफीजा बेगम लम्बे समय से किडनी की बीमारी से जूझ रही थी। जिनका 30 जनवरी को प्रातः 4 बजे गोंदिया के चिकित्सालय में इंतेकाल हो गया। जानकारी मिलते ही नगर में करीबियों में गम का माहौल व्याप्त हो गया। सफीजा बेगम को स्थानीय कब्रिस्तान में नाते रिश्तेदारों एवं स्थानीय निवासियों की मौजूदगी में सुपुर्दे खाक किया गया। गौरतलब है कि सफीजा बी पूर्व वार्ड पार्षद रफीक कुरैशी की पत्नि थी। मरहूम सफीजा बेगम तीन बेटे हैं, जिनमें नफीस, इरफान एवं इमरान सहित चार बेटियों का भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ इस दुनिया से बिदा हुई।

### विधायक पटेल ने मनरेगा योजना अंतर्गत पदस्थ उपयंत्रियों की ली बैठक

## पहले किसने क्या किया मुझे नहीं पता, मगर मैंने जो वादा दिया हूँ, उसे करना है पूरा : पटेल

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।**

जनपद पंचायत वारासिवनी के सभा कक्ष में वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल की मौजूदगी में मनरेगा योजनान्तर्गत पदस्थ उपयंत्रियों की बैठक आहूत की गई। विधायक विवेक विक्की पटेल के प्रथम आगमन पर जनपद पंचायत की सीईओ दीक्षा जैन ने उनका पुष्प गुच्छ से स्वागत किया।

**बोटेझरी, लावनी, गुनई पंचायत भवन को बनवाने की मॉग**

इस दौरान बैठक में विभाग के अधिकारियों ने अपने-अपने ग्रामों के बारे में जानकारी दी और ग्राम में होने वाली समस्याओं से विधायक पटेल को अवगत कराया। ग्राम पंचायत बोटेझरी, लावनी, गुनई की पंचायत भवन की जर्जर बिल्डिंग बनवाने की मांग की गई, जिसे विधायक पटेल ने जल्द बनवाने का आश्वासन दिया।



**ग्रामों में अधूरे पड़े कामों को जल्द करे पूरा- विवेक पटेल**

विधायक विवेक पटेल ने अधिकारियों से कहा कि अभी तक किसने क्या किया? मुझे नहीं पता। मगर अब जो भी काम पेंडिंग पड़े हुए हैं, जल्द काम हो, किसी भी लोगों से बेवजह पैसो की मांग ना करे। मैं आपको पूरा सहयोग करुंगा। ग्राम में काम करवाने पैसों की कमी होगी, हम भोपाल से लडक़र राशि लायेंगे और क्षेत्र में काम करवायेगे। ग्राम के सभी लोगों को योजनाओं का लाभ मिले, कोई भी योजना से वंचित ना रहें, कोई भी हितग्राही भटके ना, मुझे शिकायत नहीं मिलनी चाहिए, अपने कार्य के प्रति ईमानदारी से रहें, किसी के बहकावे में ना आये, कोई भी जनप्रतिनिधि आता है, उसका सम्मान करे, आप लोगों को फील्ड में कोई दिक्कत हो, तो आप मुझे अवगत कराये, तत्काल समस्या का समाधान किया जायेगा।इस दौरान वारासिवनी जनपद पंचायत के उपयंत्री तरुण चौकसे, रामराज बारेवार, मनोज मेश्राम, प्रीति चिले, डिलेश्वरी बांगरे, प्रियंका नोन्हारकर, इरफान कुरैशी, खैरलाँजी सहायक उपयंत्री सुनील हिरकने सहित अधिकारी मौजूद रहें।

### बड़े श्रीराम मंदिर में बह रही राम कथा की गंगा

## राम लला महोत्सव समिति के तत्वावधान में 10 दिवसीय आयोजन

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** पवित्र नगरी अयोध्या में श्रीराम लला की बाल रुप प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रामलला महोत्सव समिति वारासिवनी द्वारा आयोजित 10 दिवसीय राम कथा के छटवें दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित हुए। कथा व्यास संत माधव दास जी महाराज अनोखा राजस्थान के मुखारविंद से श्री राम का वन प्रस्थान प्रसंग का वर्णन किया गया।



संत माधवदास ने बताया कि सीता के साथ विवाह के बाद जब श्रीराम अयोध्या में घर पहुंचते हैं, तो राम की माता कौशल्या इतनी खुश होती है कि सीता को उठा लेती है और इतना आदर सम्मान करती है। जब परिस्थितियॉं बदलती है और उनको चौदह वर्ष का वनवास होता हैं, तो मर्यादा की बात को अमल में लाते हुए अपने पिता दशरथ की आज्ञा का पालन करते है। लक्ष्मण भाई को अकेला न छोडक़र वह उनके साथ ही रात को जब सभी सो रहे थे, तब देर रात्रि को वनों के लिए तीनों निकले। इस प्रसंग सुनते ही श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गई।

उन्होंने प्रसंग से श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि आज के समय में सास व बहु का रिश्ता बड़ा नाजुक हो रहा है। बात-बात पर सास-बहु के बीच झगड़ा हो जाता है। कहीं भी संयुक्त परिवार दिखाई नहीं दे रहा है। सबकी राहें अलग हो रही है। उन्होंने कहा कि सास बहु को बेटी समझे व बहु अपनी सास को मां की तरह समझे, तभी शांति का जीवन नजर आएगा।

श्रीराम कथा के सातवें दिन महाराज ने बताया कि प्रबल प्रेम के पाले पडक़र प्रभु को नियम बदलते देखा। भगवान केवट के समीप आए। गंगाजी का किनारा भक्ति का घाट है और केवट भगवान का परम भक्त है। किंतु वह अपनी भक्ति का प्रदर्शन नहीं करना चाहता था। अतः वह भगवान से अटपटी वाणी का प्रयोग करता है। केवट ने हठ किया कि आप अपने चरण धुलवाने के लिए मुझे आदेश दे दीजिए, तो मैं आपको पार कर दूंगा। केवट ने भगवान से धन-दौलत, पद ऐश्वर्य, कोठी-खजाना नहीं मांगा। उसने भगवान से उनके चरणों का प्रक्षालन मांगा।

केवट की नाव से गंगा पार करके भगवान ने केवट को उतराई देने का विचार किया। सीता जी ने अर्धांगिनी स्वरूप को सार्थक करते हुए भगवान के मन की बात समझकर अपनी कर-मुद्रिका उतारकर उन्हें दे दी। भगवान ने उसे केवट को देने का प्रयास किया, किंतु केवट ने उसे न लेते हुए भगवान के चरणों को पकड़ लिया। जो देवताओं के लिए भी दुर्लभ है, ऐसे भगवान के श्रीचरणों की सेवा से केवट धन्य हो गया। भगवान ने उसके निस्वार्थ प्रेम को देखकर उसे दिव्य भक्ति का वरदान दिया तथा उसकी समस्त इच्छाओं को पूर्ण किया।

### सेनानी उत्तराधिकारियों ने मनाई गांधी जयंती



**वारासिवनी।** शहीद दिवस 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन वारासिवनी बालाघाट द्वारा मनाई गई। इस अवसर पर वारासिवनी नगर के गॉंधी बाल उद्यान में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर तिलक कर सूतमाला पहनाकर 2 मिनट का मौन रखा गया। उसके बाद गांधी चौक सभा मंच पर महात्मा गांधी के छाया चित्र पर तिलक कर माल्यार्पण करके दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में डॉक्टर वीरेंद्र जैन, देवाजीराव मराठे, अतेंद्र जैन, राघवेंद्र अग्रवाल, चंदूलाल मराठे, परमानंद बोरकर, भोला रूसिया, सुरेश मोदी, प्रफुल्ल जुमले, मंगेश चापूकर तथा संगठन अध्यक्ष दिलीप मराठे सहित महिला मंडल उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों के स्वास्थ्य चिकित्सा के लिए सीआरपीएफ जी7 वाहिनी द्वारा किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

### सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत हुआ मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज लांजी।**



लांजी तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम बहेला में जी 7वी वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा दिन बुधवार को 7वी वाहिनी के कमांडेंट कपिंग गिल के मार्गदर्शन में सातवीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल बहेला के परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्राम बहेला, चिचोली, ठेमा, अमेड़ा, अंधिया टोला एवं मुंशी टोला ग्राम के ग्रामीण के स्वास्थ्य जांच परीक्षण के लिए यह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने और स्कूली विद्यार्थियों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया और ज्यादा से ज्यादा संख्या में आसपास के ग्रामीण इस शिविर का लाभ लिए वही स्वास्थ्य के परीक्षण के पश्चात ग्रामीणों को दवाइयां वितरण की गई। बताया गया की भविष्य में होने वाली स्वास्थ्य संबंधित किसी भी प्रकार की समस्याओं को देखते हुए आगे भी जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा।उक्त कार्यक्रम में सातवीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेंट कपिंग गिल, द्वितीय कमान अधिकारी सातवी वाहिनी राजेश्वर सिंह यादव, सातवीं वाहिनी चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक द्विवेदी, एवं सातवी वाहिनी सीआरपीएफ बहला के सहायक कमांडेंट राजीव कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## छात्र विरेंद्र बिसेन एनएसएस सी प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय एवं परिवार का नाम किया रोशन



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी एनएसएस इकाई शासकीय महाविद्यालय लांजी के छात्र विरेंद्र पिता श्री संतराम बिसेन ने एनएसएस सी प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण कर समस्त एनएसएस इकाई, महाविद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया ।एनएसएस सी प्रमाण पत्र के परियोजना का विषय ₹सामाजिक जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से समाज विकास में स्वयंसेवक का योगदान₹ था। उक्त प्रमाण पत्र एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. कांता वर्मा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में परियोजना कार्य किया !लांजी क्षेत्र में प्रथम एनएसएस सी प्रमाण पत्र प्राप्त करने पर बधाई देने के लिए प्रो.कांता वर्मा, डॉ. गौतमा कठाने, गोलू परते सर, ममता नारनौरे मैम, चौधरी सर, कुशल सर,सुनील तिड़के, एवं एनएसएस इकाई से काजल हरिनखेड़े, ममता बिसेन, अक्षय बडघैया ,निक्की धारने, पूजा कलपुरे, प्रीति बड़गैया, शशिकला भटेरे आदि उपस्थित रहे ।

### राम सीता की झांकी रही आकर्षक का केंद्र

## राम की नगरी ग्राम सेवती के श्रृद्धालु सीता -राम विवाह कथा सुन भाव विभोर हुए

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** धर्म की नगरी ग्राम सेवती में आयोजित हो रहे श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ कथा के प्रवक्ता प.पू.पं.भरतभाई बाजपेयी जी महाराज के द्वारा पांचवें दिन श्री रामचरित मानस की कथा में राम-सीता विवाह प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। ग्राम सेवती में पधारें कथावाचक महाराज बाजपेयी ने श्रीराम-सीता के विवाह की कथा सुनाते हुए कहा कि राजा जनक के दरबार में भगवान शिव का धनुष रखा हुआ था। एक दिन सीता ने घर की सफाई करते हुए उसे उठाकर दूसरी जगह रख दिया। उसे देख राजा जनक को आश्चर्य हुआ, क्योंकि धनुष किसी से उठता नहीं था। राजा ने प्रतिज्ञा की कि जो इस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, उसी से सीता का विवाह होगा। उन्होंने स्वयंवर की तिथि निर्धारित कर सभी राजा-महाराजा को विवाह के लिए निमंत्रण भेजा। वहां आए सभी लोगों ने एक-एक कर धनुष को उठाने की कोशिश की, लेकिन किसी को भी इसमें सफलता नहीं मिली। गुरु की आज्ञा से श्री राम धनुष उठा प्रत्यंचा चढ़ाने लगे तो वह टूट गया। इसके बाद धूमधाम से सीता व राम का



विवाह हुआ। माता सीता ने जैसे प्रभुराम को वर माला डाली वैसे ही देवतागण उन पर फूलों की वर्षा करने लगे। इस क्रम में भजन संगीत टीम की धुन पर भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को झूमने को विवश कर दिया। कथा की समाप्ति के बाद श्रीराम जी की आरती संगीत के साथ की गई। कथा प्रारम्भ होने का समय दोपहर १२बजेसे शाम ०४ बजे तक होती है। आयोजक समिति सुरेश भेंडारकर, संतोष बढ़ई, गोविंद बढ़ई, प्रमोद धामने, बंटी मेंढ़े, ओमप्रकाश कुर्वे , शंकर राव कुर्वे के मार्गदर्शन में तथा समस्त नारी शक्ति के सहयोग से किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### विधायक दिनेश राय मुनमुन के मुख्य अतिथि में हुआ विशाल ईनामी दंगल

सिवनी/बंडोल -ग्राम बंडोल में श्री बंजरग व्यायाम शाला के तत्वाधान मे विशाल ईनामी दंगल का आयोजन हाईस्कूल ग्राउंड बंडोल मे विशाल ईनामी दंगल का आयोजन किया गया जिसमें जिले के आलवा छिंदवाड़ा, जबलपुर, भोपाल ,उज्जैन, के अन्य जिलों के पहलवानो ने अपना दाव पेंच लगाया इस विशाल ईनामी दंगल को देखने के लिए बड़ी संख्या में दंगल प्रेमी, जनता जनार्दन का जन सैलाब रहा इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, तुलसीराम साहू, बंडोल उपरपंच धानसिंह बघेल, विजय साहू, सुरजीत बघेल ,अजय साहू , संजय संजू बघेल, राजमोहन नीलू यादव व ग्राम के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे ।

# चार माह से नहीं मिला अतिथि शिक्षकों को वेतन

**मंगलवार को जिले के अतिथि शिक्षकों ने पिछले 4 महीने से वेतन नहीं मिलने पर जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

इस मामले में पीड़ित अतिथि शिक्षकों ने बताया कि पिछले 4 महीने से उन्हें वेतन नहीं मिला है जिसके चलते आर्थिक तांगहाली से उन्हें जूझना पड़ रहा है। वेतन के लिए कई बार अधिकारी को अवगत भी कर चुके हैं लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। वहीं इससे पहले भी उनका वेतन रुका हुआ था जब इस मामले में अधिकारियों को अवगत कराया गया तब कहीं जाकर वेतन मिला था और अब वही स्थिति पुनः निर्मित हो गई है। पिछले चार महीना से वेतन नहीं मिलने से पीड़ित शिक्षकगण परेशान है।

वही इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने अतिथि शिक्षकों को बताया कि उन्होंने वेतन दिए जाने की कार्यवाही वाले पत्र को फॉरवर्ड कर दिया है। साथ ही उन्होंने अतिथि शिक्षकों को यह भी बताया कि कलेक्टर ने भी पत्र को ऊपर फॉरवर्ड कर दिया है।

इसके साथ ही उनका कहना है कि वे इस संबंध में बीईओ कार्यालय जाएं और वहां अपनी समस्या से अधिकारी को अवगत कराए। पीड़ित अतिथि शिक्षक बुधवार को बीईओ कार्यालय जाकर अधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे।

# चलते वाहन का निकला अगला चाक, हुआ दुर्घटनाग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



जिला मुख्यालय से नैनपुर जाते समय बुधवार की सुबह लगभग 8.30 बजे वाहन का अगला चाक निकल जाने से वाहन अनियंत्रित होकर खेत मे जा घुसा। वही इस मामले में लोगों का कहना है कि सड़कों पर अभी भी बड़ी संख्या में अनफिट वाहन दौड़ रहे हैं। जिसके चलते आए दिन दुर्घटना हो रही है और आरटीओ विभाग आंखें बंद कर काम मे लगे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय सिवनी से वाहन नैनपुर की ओर जा रहा था। वाहन छुई से पलारी की ओर महज 1 किलोमीटर दूर आगे निकला था कि वाहन का अगला चाक निकल गया। जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा घुसा। यह तो गनीमत रही की वाहन में सवार किसी को भी चोट नहीं आई।

### भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

# आने वाला लोकसभा चुनाव विकसित भारत, भव्य भारत के लिए है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री नेहरू ने संसद में एक बार कहा था कि देश की एक इंच भूमि पर भगवा नहीं फहराने नहीं दूंगा, लेकिन 22 जनवरी को आप सबने देखा कि देश में हर जगह भगवा ही भगवा नजर आ रहा था यह सब कर्मयोगी कार्यकत्राओं के बल ही संभव हुआ है । भाजपा जो कहती है वह करती है हमने भव्य राममंदिर ही बनाया हमने जनमानस का मन भी बनाया है अब हमारा लक्ष्य पूरा देश भव्य बनाने का है । जिसके लिये आवश्यक है कि आगामी समय में संपन्न होने वाले लोकसभा चुनाव में हम हर बूथ पर 51 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल करने के लिये अपना पूरा सौ प्रतिशत योगदान दें और 04 फरवरी से प्रारंभ हो गांव चले अभियान के सभी करणीय कार्य को करें । इस आशय की बात भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने गांव चलों अभियान के तहत भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में उपस्थित पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकत्राओं को संबोधित करते हुये कही ।

कार्यशाला को गांव चलो अभियान के जिला संयोजक श्रीराम ठाकुर, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार, पूर्व जिला अध्यक्ष सुजीत जैन वरिष्ठ नेता वेदसिंह ठाकुर, महामंत्री गजानंद पंचेश्वर, जयदीप सिंह चौहान, अजय डागोरिया, आई टी जिला संयोजक मनोज मर्दन त्रिवेदी ने भी संबोधित किया। श्री दुबे ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता जुट जाएं। पार्टी द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभाएं और हर गांव में कार्यकर्ता 24 घंटे रूकें। पार्टी कार्यकर्ता अपने कर्तव्य, निष्ठा, समर्पण भाव से जिले के प्रत्येक मतदान केंद्रों पर अभियान को सर्वव्यापी व सर्वस्पर्शी बनाएं।

### श्रीमती रेखा महिला स्वसहायता समूह के माध्यम से सब्जी उत्पादन कर रही लाभ अर्जित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विविध गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार लाने हेतु सतत कार्यरत है। जिससे जुड़कर ग्रामीण महिलाएं विविध कार्यों को कर आय प्राप्त कर रही हैं। ऐसे ही सिवनी जिले के घंसौर विकासखंड के ग्राम पिपरिया की रहने वाली महिला किसान श्रीमती रेखा वरकडे है, जिनका कृषक परिवार में विवाह होने के बाद उन्होंने अपने घर परिवार के साथ कृषि को ही अपनी आजीविका के साधन के रूप में अपनाया। श्रीमती रेखा ने आजीविका मिशन मां नर्मदा महिला स्वसहायता समूह से जुड़कर व्यवसाय संबंधी शासकीय योजनाओं की जानकारी ली तथा उन्होंने निर्णय लिया कि अब यही एक ऐसी राह है, जिसके माध्यम से व्यवसाय कर अपने व अपने परिवार के सपनों को पूरा कर सकती है । श्रीमती रेखा ने मां नर्मदा आजीविका स्वसहायता समूह के माध्यम से 15000 रुपये की वित्तीय सहायता प्राप्त कर परंपरागत फसलो के साथ नगदी फसलो (सब्जी) उत्पादन का कार्य शुरू किया। इसी क्रम में ग्राम संगठन के माध्यम से सी.आई.एफ. की राशि के रूप में 50000 रू का ऋण लेकर कृषि कार्य में उपयोग होने वाली चीजें जैंसे नल कूप, मोटर पम्प सेट, पाईप, स्प्रिंकलर का क्रय आधुनिक ढंग से सब्जी उत्पादन के कार्य प्रारंभ किया।

### सायकल ऑंन कार्यक्रम की हुई व्यापक तैयारियाँ

# नौ हजार के लगभग प्रतिभागियों का हुआ पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



3 फरवरी को स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 एवं पर्यावरण जागरूकता के लिये सायकल ऑंन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसकी तैयारिर्या की गयी है। पिछले आठ वर्षों से आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम को समाज के प्रत्येक वर्ग से सराहना के साथ सहयोग प्राप्त होता है। इस वर्ष के सफल आयोजन के लिये समिति के द्वारा दस हजार पंजीयन किये जाने का लक्ष्य है नौ हजार के लगभग प्रतिभागियों का पंजीयन हो चुका है, आयोजन स्थल पर 03 फरवरी को पंजीयन की सुविधा रहेगी इस वर्ष के सफल आयोजन के लिये सायकल ऑंन समिति संरक्षक मंडल दिनेश राय मुनमुन विधायक सिवनी, संतोष अग्रवाल बाहुबली सहित समिति के सदस्यगणों के बेहतर सहयोग से सायकल ऑन कार्यक्रम की सफलता के लिये व्यापक प्रचार प्रसार और कार्यक्रम की आवश्यकताओं के जिला प्रशासन, नगर पालिका प्रशासन, पुलिस प्रशासन एक समाजसेवियों से कई दौर की चर्चा हुई है प्रशासन ने सायकल ऑंन कार्यक्रम के पिछले परिणाम की सराहना करते हुये कार्यक्रम की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुये कार्यक्रम को व्यापक रूप से सफल बनाने के लिये सहयोग का भाव प्रगट किया है।

आगामी 3 फरवरी को प्रातः 8:00 बजे ध्वजारोहण के साथ स्वच्छता का संदेश शपथ के पश्चात राष्ट्रगान होगा और फिर यह रैली आयोजित की जाएगी साइकिल रैली का जो मार्ग रहेगा वह मिशन स्कूल गणेश चौक शुक्रवारी नेहरू रोड दुर्गा चौक मठ स्कूल होते हुए छिंदवाड़ा चौक महावीर मडिया नगर पालिका बस स्टैंड दलसाकर चौपाटी एमएलबी स्कूल भैरवगंज से कलेक्टर बंगला सर्किट हाउस बाहुबली चौक सिंधिया पुतला मिशन स्कूल में आकर रैली का समापन होगा कार्यक्रम में 30 साइकिल लकी ड्रा के माध्यम से वितरित की जाएगी यदि किसी का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है तो कार्यक्रम के दिन सुबह 6:00 से 7:00 बजे तक रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध रहेगी स्वच्छता सर्वेक्षण के इस कार्यक्रम में प्रत्येक व्यक्ति को जोड़ना चाहिए और आगे आना चाहिए ऐसा संदेश इस साइक्लोन के माध्यम से दिया जाना है।

### सिवनी साइक्लोन की तर्ज में ग्रामीण अंचल में भी आयोजित किया जाएगा साइक्लोन



स्वछ सर्वेक्षण 2024 एक पैडल पर्यावरण सुरक्षा के लिये एवम बनो एवम वन्य प्राणी सुरक्षा के लिये जिला सिवनी सलोन कार्यक्रम जिला सिवनी की तर्ज में मेरे द्वारा सकलोन कार्यक्रम को पंचयात स्तर पर चालु करने के लिये ग्रमिणो को प्रेरित किया जा रहा है जिससे ग्रमिण जन स्वच एवम तंदूस्त रहे सइकिल चलाने से पर्यावरण स्वछ रहेगा एवम वन एवम वन्य प्राणीयो की सुरक्षा हेतु भी इस कार्यक्रम से स्कूली बच्चो एवम ग्रमिण जनो को प्रेरित किया जा रहा है अजय कुमार जैन वन रक्षक बीट गार्ड जोगीवाडा सरपंच श्री मति रंजना मर्शकोले उप सरपंच रामसिंग रघुवंशी सचिव - श्रीमति शाति इंवाती देवीशंकर पाल सुनील राठौर नरेश पाल शिवराम पाल गजेंद्र रघुवंशी राजेंद्र रघुवंशी सत्यपाल पाल प्रदीप डेहारिया रिंकु पाल आरविंद सरयाम सोनू राग संदीप उइके श्रीमति सारिता पाल शंकर रघुवंशी शिवम रघुवंशी रामआवतार विश्वकर्मा हरिराम सोनी कमल उइके।

# अमर शहीद प्रधान आरक्षक राकेश ठाकुर के आंगन की माटी लेने ग्राम डोभ पहुँचा मातृ शक्ति संगठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



जीवन का अंतिम छोर तो मृत्यु ही है किंतु तिरंगे के कफ़न में सम्मान के साथ इस देश से अलविदा होना सबकी किस्मत में नहीं। पिछले दिनों अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए गए पुलिस के जवान राकेश ठाकुर जी भी इसी कहानी का हिस्सा बनते हुए उन्होंने अपना सर्वस्य न्यौछावर किया एवं अपने परिवार को छोड़कर दुनियाँ से अलविदा कह गये ।

मुड़भेड़ दे दौरान एक अपराधी की गोली उन्हें लगी और इलाज के दौरान उन्होंने नागपुर में अंतिम साँस ली। आज उनके ही गाँव डोभ में गंगाजली पूजन के समय मातृ शक्ति संगठन अपनी यूथ विंग के साथ उपस्थित हुआ ।

जहां संगठन द्वारा उनके परिवार का साहस बंधाया गया व संगठन अध्यक्ष द्वारा श्रद्धाजंलि पत्र का वाचन किया गया ततपश्चात अमर शहीद राकेश भाई के आँगन की माटी को संगठन की प्रथा अनुसार ससम्मान अपने साथ लाया गया।

इस कार्यक्रम में जिला पुलिस अधीक्षक श्री राकेश कुमार सिंह , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी डी शर्मा एवं समस्त पुलिस बल के साथ अनेक प्रबुद्ध जन शामिल हुए एवं नम आँखों की श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### महिला का शव कुए में मिला

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र के समनापुर में बुधवार को एक महिला का शव कुएं में मिला है। घटना दोपहर लगभग 3 बजे की है, पुलिस मामले की जांच कर रही है। महिला लखनादौन के समनापुर के वार्ड 7 की रहने वाली है। बुधवार को जब कुछ लोग जब कुएं में पानी लेने तो उन्होंने कुएं में महिला की लाश पड़ी देखी। इसके बाद उन्होंने मामले की सुचना पुलिस को दी। जिसके बाद लखनादौन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कुएं से बाहर निकला और पंचनामा कार्रवाई कर शव पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा। पुलिस मामले में स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है।

# महिला वुशू वेस्ट ज़ोन लीग गोवा में रागिनी को मिला कस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



भारतीय वुशु संघ एवं भारतीय खेल प्राधिकरण की संयुक्त तत्वधान में आयोजित खेलो इंडिया की स्कीम के तहत महिला वुशु वुशु वेस्ट जोन स्तरीय लीग का मंगलवार को समापन हुआ इसमे जिले की रागिनी कुंभारे ने कस्य पदक प्राप्त किया रागिनी ने पूर्व में भी जिला व मध्यप्रदेश का नेतत्व किया है रागिनी सिवनी जिले की राष्टीय खिलाड़ी है साथ साथ राष्टीय प्रशिक्षक nis है और साथ साथ 20-25 खिलाड़ियों को परीक्षण प्रदान कर रही है जो खिलाड़ी भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक व राष्टीय स्टार की प्रतियोगिता में भाग ले रहे रागिनी की सफलता के लिए मधयप्रदेश वुशु संघ की सचिव सारिका में जिला वुशु संघ के अध्यक्ष नरेंद्र गुड्डू ठाकुर जिला वुशु संघ के सचिव राहुल विश्वकर्मा अभिषेक दुवे अखिलेश खेडकर सूरज यादव आकाश यादव उमेश वन्देबर अभिषेक माथुर शिवानी वन्देबर स्वाति वंदेवर संध्या सनोडिया व संघ के खिलाड़ी व सदस्यो ने बधाई व शुभकामनाएं दी

# कचरा हर कहीं डाला तो खैर नहीं ! देना पड़ेगा 500 से 5000 रुपए तक जुर्माना

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शहर में सफाई व्यवस्था को दुरस्त कर आमजन को सहूलियत प्रदान करने और वर्ष 2024 के स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आने नपा तैयारी में जुट गई है। जिस तरह से बीते वर्ष सर्वेक्षण में अच्छी रैंक हासिल की थी, ठीक उसी तरह इस बार भी बेहतर पायदान हासिल करने पर जोर दिया जा रहा है। इस मुकाम को प्राप्त करने में हर कही पड़ी रहने वाली गंदगी आड़े नहीं आए उसके लिए संबंधित लोगों से जुर्माना वसूलने की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। नपा की तरफ से शहर के सभी दुकानदारों को स्पष्ट कहा गया है कि वह दुकानों के सामने कचरा डालने डस्टबिन रखे।

वहीं आमजन को वार्डों में आने वाले डोर टू डोर वाहन में ही कचरा डालने का कहा गया है। यदि किसी ने ऐसा नहीं करते हुए हर कही कचरा, गंदगी डालकर स्वच्छता का माहौल खराब किया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसमें न्यूनतम 500 और अधिकतम 5000 रुपए तक का जुर्माना लगेगा। स्वच्छता एप से सफाई कैसी चल रही है या कोई समस्या है तो उसकी भी शिकायत दर्ज की जा रही है।

# अब पुराने पैटर्न पर ही होगी 10वीं-12वीं की परीक्षा, बोर्ड ने किया बड़ा बदलाव

**10वीं और 12वीं की परीक्षाएं बेहद नजदीक आ चुकी हैं। इन परीक्षाओं के लिए जहां स्टूडेंट जी जान से पढ़ाई में जुटे हुए हैं वहीं प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारियां तेजी से चल रहीं हैं।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल यानि एमपी बोर्ड की परीक्षाएं 5 फरवरी से शुरु होनेवाली हैं। इन परीक्षाओं के संबंध में एक अहम बदलाव सामने आया है।

एमपी बोर्ड ने इन परीक्षाओं बड़ा बदलाव किया है। इसी के साथ 10वीं और 12वीं की परीक्षा के लिए बोर्ड अपने पुराने पैटर्न पर ही लौट आया है। इसके अनुसार बोर्ड परीक्षाओं में प्रश्न-पत्र अलग-अलग कई पैटर्न में बनाए जाएंगे। पहले इसी पैटर्न पर परीक्षाएं ली जाती थीं लेकिन बाद में बोर्ड ने यह व्यवस्था बंद कर दी थी। परीक्षाओं में नकल की गुंजाइश खत्म करने के लिए यह बदलाव किया गया है। बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं को नकल मुक्त बनाने पर इस बार सबसे ज्यादा जोर दिया जा रहा है। इसके लिए बोर्ड ने प्रश्न पत्रों के अलग अलग सेट बनाए हैं। हरेक विषय में चार अलग अलग प्रश्नपत्र तैयार किए गए हैं यानि परीक्षा केंद्रों पर एक कक्ष में परीक्षार्थियों को एक जैसा प्रश्नपत्र नहीं मिलेगा।

गौरतलब है कि परीक्षा कक्ष में सभी परीक्षार्थियों को एक ही प्रश्न पत्र दिए जाने पर नकल की प्रवृत्ति बढ़ जाती है। इसी वजह से परीक्षार्थियों को अलग—अलग पेपर दिए जाने का निर्णय लिया गया। इस बार चार अलग अलग प्रश्नपत्रों के सेट तैयार किए गए हैं। कक्ष में परीक्षार्थियों को ये चारों अलग अलग सेट ही दिए जाएंगे। परीक्षार्थियों को ए, बी, सी, डी नामक चार सेट में ये प्रश्न पत्र दिए जाएंगे। इससे परीक्षार्थी एक दूसरे की कापी से नकल नहीं कर सकेंगे। शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी बताते हैं कि करीब एक दशक पूर्व बोर्ड परीक्षाएं इसी पैटर्न पर ली जाती थीं। बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में प्रश्नपत्रों के अलग—अलग तैयार किए जाते थे। बाद में प्रश्नपत्रों के अलग अलग सेट की व्यवस्था बंद कर दी गई। इस बार फिर बोर्ड ने कुछ बदलावों के साथ प्रश्नपत्रों के अलग अलग सेट तैयार करने के पुराने पैटर्न को अपनाया है।

व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेगा स्थानीय सहायक केंद्राध्यक्ष

परीक्षा केंद्रों में प्रश्न पत्र वितरित करने की प्रक्रिया भी तय की है। पांच फरवरी से शुरू होने वाली परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रहीं हैं। बोर्ड की परीक्षाओं में इस बार स्थानीय सहायक केंद्राध्यक्ष भी नियुक्त किए जा रहे हैं।

जो स्कूल परीक्षा केंद्र बनाया गया है, उसी स्कूल के एक टीचर को स्थानीय सहायक केंद्राध्यक्ष बनाया गया है। स्थानीय सहायक केंद्राध्यक्षों की प्रमुख जिम्मेदारी परीक्षा केंद्रों में व्यवस्थाएं जुटाना ही होगा। एग्जाम हाल में पर्याप्त फर्नीचर, परीक्षार्थियों के लिए पेयजल और बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने का इनका दायित्व तय किया गया है।

# विशाल जन आभार यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।



केवलारी विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह जी ने विधानसभा क्षेत्र केवलारी से विजय होने पर विशाल जन आभार यात्रा निकाली,जन आभार यात्रा में विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह का गांव गांव में ढोल बाजे मंगल कलश रखकर साफा,साल,श्रीफल भेंट कर भव्य स्वागत किया । आज की जन आभार यात्रा ग्राम *बोरिया* से प्रारम्भ होकर *सुनवारा, आमानाला* होते हुऐ *धनौरा खुर्द*,में संपन्न हुई।जन आभार यात्रा में *विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह जी* ने गाँव गाँव पहुँचकर समस्त ग्रामीण जनों की बधाई स्वीकार कर समस्त वरिष्ठ जनों माताओं बहनों से आशीर्वाद प्राप्त कर सभी का अभिवादन किया।एवं विजय दिलवाने में सहयोग करने के लिए सभी को ह्रदय से धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर साथ ही जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मुकेश जैन जी,अनीक मोहम्मद खान (अन्नू बाबा)जी,धनौरा ब्लॉक अध्यक्ष आदित्य नारायण विकास बघेल जी,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री करतार सिंह बघेल जी,जिला कांग्रेस महामंत्री हर्षवर्धन सिंह लकी बघेल जी,महामंत्री डब्लू खान जी,मंडलम अध्यक्ष शेख सामिद मुन्ना भाई,राजकुमार नायक जी,राजेंद्र बघेल जी,सेक्टर अध्यक्ष नवल चन्द्रवंशी जी,बलराम प्रजापति जी,समेत जिला कांग्रेस/ब्लॉक कांग्रेस /मंडलम/सेक्टर/बूथ कांग्रेस कमेटी,युवक कांग्रेस, एनएसयूआई,सेवादल,महिला कांग्रेस एवं सभी प्रकोष्ठ पदाधिकारी/कार्यकर्ताओं समेत समस्त वरिष्ठ,कनिष्ठ पूर्व-वर्तमान पदाधिकारियों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गरिमामई उपस्थिति रही।

# कलेक्टर श्री सिंघल ने सुदूर ग्रामों में पहुंचकर जन समस्याओं को सुनकर त्वरित निराकरण के दिये निर्देश

**विभागीय योजनाओं की मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन तथा आमजनों को पात्र योजनाओं के त्वरित लाभ दिलाये जाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल द्वारा ग्रामवार निरीक्षण कर जनसमस्याओं को सुना जा रहा है तथा मौके में उपस्थिति मैदानी अमले को आवश्यक दिशा निर्देश देकर पात्र हितग्राहियों को त्वरित रूप से लाभांवित करने के कार्य किये जा रहे हैं।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

इसी क्रम में कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल बुधवार 31 जनवरी को घंसौर विकासखंड के सुदूर ग्रामों में पहुंचे। उन्होंने मनेगांव, भिलाई एवं रजरवाडा में जनसमस्या शिविर लगाकर उपस्थितजनों की समस्याओं को सुना। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा बताई गई बिजली, पानी, पेयजल, पेंशन की समस्याओं के साथ-साथ मनरेगा के भुगतान एवं राशन वितरण की समस्याओं को तत्काल निराकृत करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी घंसौर बिसन सिंह सहित विभागों के अन्य मैदानी अमले की उपस्थिति रही।

# गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन 5 फरवरी से

**सिवनी।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि म.प्र. शासन खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय के परिपत्र क्रमांक एफ134/1333217/2023/29-1 भोपाल दिनांक 25 जनवरी 2024 के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन की अवधि 05 फरवरी 2024 से 01 मार्च 2024 तक निर्धारित की गई है। रबी विपणन वर्ष 2024-2025 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन हेतु जिले में 80 गेहूं पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये जायेंगे। उपार्जन प्रक्रिया के संबंध में म.प्र.शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी पंजीयन नीति के अनुसार किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। अब किसान स्वयं के मोबाईल से घर बैठे पंजीयन कर सकेंगे। किसानों को पंजीयन केंद्रों में लाईन लगाकर पंजीयन कराने की समस्या से मुक्ति मिलेगी। किसान द्वारा ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में सुविधा केन्द्र के माध्यम से तथा सहकारी समितियों एवं विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केंद्रों पर निःशुल्क तथा एमपी ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोक सेवा केन्द्र, निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर अपना पंजीयन करा सकेंगें।

### जिला उपार्जन समिति का गठन

**सिवनी।** विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर पंजीयन/गेहूं उपार्जन की समस्त प्रक्रिया, स्कंध की गुणवत्ता, पर्यवेक्षण एवं मानीटरिंग तथा उपार्जन नीति के अंतर्गत समस्याओं के निराकरण हेतु जिला उपार्जन समिति का गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल, सदस्य जिला लीड बैंक अधिकारी, उपसंचालक कृषि, उपायुक्त सहकारिता, जिला सूचना विज्ञान केंद्र अधिकारी, महाप्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, जिला विपणन अधिकारी मार्कफेड, जिला प्रबंधक एमपीडब्लूएलसी,जिला प्रबंधक एमपीएससीएससी, अधीक्षक भू-अभिलेख,सचिव कृषि उपज मण्डी एवं जिला आपूर्ति अधिकारी को सचिव एवं सदस्य नियुक्त किया गया हैं।

**खबर संक्षेप**

### एम्पावरिंग वुमेन इन एसटीईएम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** युएन-वुमेन द्वारा राज्य के आदिवासी बाहुल्य जिलों में छात्राओं को एसटीईएम (साईंस टेक्नोलॉजी इंजीनिरिंग एंड मेथमेटिक्स) के क्षेत्रों में प्रोत्साहन देने के लिए ईम्पावरिंग वुमेन इन एसटीईएम कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। यह निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय एवं शासकीय आईटीआई बूढ़ी बालाघाट में संचालित है। इस निशुल्क प्रशिक्षण की अवधि 120 घण्टे निर्धारित है।

## बस चालक संघ ने किया हंगामा, माफी मांगने के बाद शांत हुआ मामला

# पुलिसकर्मी ने बस ड्राइवर के साथ की मारपीट!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के बस स्टैंड के पास बुधवार को एक निजी बस चालक के साथ पुलिसकर्मी ने मारपीट कर दी। इसके बाद मारपीट के विरोध में बस चालक संघ ने सड़क पर बस खड़ी कर चक्का जाम कर दिया और आरोपी पर कार्रवाई की मांग करते हुए रैली निकाली। इसके बाद पुलिसकर्मी के सार्वजनिक तौर से बस चालकों से माफी मांगने के बाद मामला शांत हुआ।

निजी बस चालक संदीप साहू ने बताया कि वह बुधवार सुबह करीब 10 बजे बस को स्टैंड में लगाने के लिए ला रहा था। इस दौरान एक पुलिसकर्मी आया। उसने कार में टक्कर लगने की बात कहकर मेरे साथ सार्वजनिक रूप से मारपीट की। इसके बाद मैंने बस चालक संघ को घटना की जानकारी दी।

इसके बाद संघ अध्यक्ष महेश सहारे के नेतृत्व में वाहन चालकों ने बसों को सड़क पर खड़ा कर चक्का जाम कर दिया। संघ अध्यक्ष महेश सहारे बताया कि जब तक आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज नही होगा, बसें नही चलेगी। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक रूप से चालक के साथ मारपीट की गई है, जो गलत है। हम इसका विरोध करते है। इसके बाद करीब 11 बजे बस चालक संघ के सदस्य नारेबाजी करते हुए रैली निकालकर थाने का घेराव किया। घटना की जानकारी के बाद विधायक अनुभा मुंजारे भी थाने पहुंच गई है।






इसके बाद छिंदवाड़ा में तैनात 8वीं बटालियन के कंपनी कमांडेंट अनिल शर्मा ने घटनाक्रम पर सार्वजनिक तौर से बस चालकों से माफी मांग ली। इसके बाद प्रदर्शन कर रहे वाहन चालकों ने हड़ताल खत्म कर दी। जिसके बाद बसों की थमी रफ्तार को गति मिली और यात्रियों ने राहत की सांस ली।

# चांगोटोला थाना अंतर्गत ग्राम गुडरू में नशे के खिलाफ जागरूकता

## महिलाओं ने संभाला मोर्चा, अब देना होगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



चांगोटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत विगत दिनों पूर्व से महिलाओं के द्वारा ग्राम को नशा मुक्त करने सघनता से नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है विगत दिनों नगरवाड़ा पंचायत में महिलाओं ने जागरूकता परिचय देते हुए रैली के माध्यम से संदेश जन जन तक पहुंचाया था इसी संदर्भ में ग्राम पंचायत गुडरू की महिलाओं के द्वारा भी ग्राम को नशा मुक्त बनाने हेतु मोर्चा संभाला है सघनता से ग्राम गुडरू में नसे के खिलाफ महिलाएं जागरूक दिखाई दे रही है महिलाओं ने गुडरू से चांगोटोला तक रैली के माध्यम से थाना प्रभारी को ज्ञापन देते हुए अपनी मांगों को बताया ग्राम में अवैध रूप से कच्ची,पक्की शराब बिक रही है जिस कारण नवयुवक नशे की लत से बिगड़ रहे हैं इसलिए हम महिलाओं के द्वारा नशा मुक्ति अभियान सघनता से चलाया जा रहा है जिसका हमारे द्वारा जिम्मेदारी पूर्वक पालन भी किया जाएगा।

**ग्राम गुडरू में कच्ची,पक्की शराब बेचने एवं उत्पाद करने पर देना होगा जुर्माना :** ग्राम पंचायत गुडरू की महिलाओं के द्वारा नशे की लत से बिगड़ रहे युवाओं को बचाने के लिए एवं पीने वाले के ऊपर जुर्माना भी रखा गया है जो की बेचने वाले व्यक्ति से ₹5000 एवं शराब पीकर उत्पाद मचाने वाले व्यक्ति को रू2500 जुर्माना के तौर से देना होगा नहीं देने पर शासन प्रशासन की मदद के चलते पुलिस की गिरफ्त में देने का कार्य करने की चेतावनी भी दी गई है जिस पर शराब बेचने एवं पीने वाले व्यक्ति काफी सहमे नजर आ रहे हैं। अब देखना यहां होगा कि क्या चांगोटोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिक रही अवैध कच्ची एवं पक्की शराब क्या बंद हो पाएगी या कुछ दिन ही चल पाएगा यह अभियान सैकड़ो की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे।

### इनका कहना हैं



ग्राम गुड़रू में अवैध कच्ची,पक्की शराब प्रतिबंध करने के लिए हम लगभग सैकड़ों महिलाएं थाना प्रभारी को ज्ञापन के माध्यम से सूचना दे रहे हैं कि जल्द से जल्द ग्राम में अवैध रूप से बिक रही शराब पर प्रतिबंध लगाए ताकि युवा पीढ़ी नशे की लत से बच सके ।

**आरती बघेले, ग्रामीण महिला**



ग्राम पंचायत गुडरू की महिलाओं के द्वारा ज्ञापन दिया गया है कि अवैध शराब पर प्रतिबंध लगाया जाए जिस पर हमारे द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाएगी ।

**बघेल जी, थाना प्रभारी चांगोटोला**

## विधायक के निरीक्षण में मिलीं शराब की खाली बोतलें

# नगर पालिका परिसर बना मयखाना!





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

क्षेत्रीय विधायक अनुभा मुंजारे ने निरीक्षण के दौरान नगरपालिका परिसर में शराब की खाली बोतलें और डिस्पोज मिलने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि नगरपालिका परिसर में शराब की बोतलें मिलना आपत्तिजनक है। इससे साफ है कि परिसर को शराब पीने का अड्डा बना दिया है। नगर की स्वच्छता के लिए जिम्मेदार संस्था के परिसर में कचरा मिलना, इसकी कथनी और करनी में अंतर स्पष्ट करता है।

पालिका के उपाध्यक्ष योगेश बिसेन ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए आशंका जाहिर की है कि यह किसी की सुनियोजित चाल भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि वह ऐसे कार्य के पक्षधर नहीं है। न केवल नगरपालिका में बल्कि अन्य विभागों में भी ऐसा नहीं होना चाहिए। इसे लेकर सफाईकर्मियों से भी पूछताछ करेंगे। लेकिन विधायक महोदया के बयान कि नगर पालिका में सब गलत कार्य हो रहे हैं, से सहमत नहीं हैं।

जानकारी के अनुसार, इससे पहले भी ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। प्रभारी सीएमओ दिशा डहेरिया द्वारा नोटिस जारी किए जाने की बात भी कही जा रही है। अभी तक परिसर के सामने शराब पीने का मामला आता था लेकिन अब भीतर भी शराबखोरी हो रही है।

# राजस्व महाअभियान में बी-1 वाचन का कार्य, 1388 गांवों में हुआ पुरा

## नामांतरण, अविवादित बटवारा, सीमांकन, रिकॉर्ड दुरस्ती और ईकेवायसी के कार्य में आयी तेजी

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मप्र शासन द्वारा राजस्व विभाग से संबंधित कार्यो को दुरुस्त करने के लिये 45 दिनों का राजस्व महाअभियान प्रारंभ किया गया। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में 15 जनवरी से प्रारंभ हुये इस महाअभियान में अब तक जिले के सभी 1388 गावों में बी-1 वाचन का कार्य पुरा किया जा चुका है। अब इसके आगे राजस्व विभाग अंतर्गत आने वाले विभिन्न आवेदनों और नामांतरण, सीमांकन, विवादित बंटवारे आदि के कार्यों में तेजी आयी है। भू-अभिलेख का कार्य देख रही स्मिता देशमुख ने जानकारी देते हुये बताया कि जिले के कुल 27 न्यायालयों में अभियान के अंतर्गत 5925 नामांतरण के प्रकरण दर्ज किये गए है। जिसमें से अब तक 3036 नामांतरण के प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। अगर इन प्रकरणों के निराकरण में प्रतिदिवस निराकृत प्रकरणों की बात करे तो यह एक दिन में सबसे अधिक 291 तक पहुंची है। वहीं अभियान के अंतर्गत 3 माह से अधिक समय के प्रकरणों के निराकरण के मामले में अब तक 877 प्रकरण निराकृत किये गए है। इसी तरह अभियान के अंतर्गत अविवादित बंटवारे के 250 आवेदन प्राप्त हुये है जिसमें से 242 प्रकरण निराकृत किये जा चुके है। इसमें एक दिन में 24 प्रकरण निराकृत हुये है। जबकि 3 माह से अधिक समय वाले प्रकरणों में निराकरण की बात की जाये तो उनकी संख्या 198 है। इसके अलावा सीमांकन प्रकरणों में अभियान के दौरान 120 आवेदन प्राप्त हुये है जिसमें निराकरण प्रकरणों की संख्या 98 हुई है। इसी तरह रिकॉर्ड दुरुस्ती के प्रकरणों में 60 आवेदन दर्ज किये गये है। इसमें 66 प्रकरण निराकृत हुये है। जबकि नक्शा तरमीम के 22635 प्रकरण सुधार किये गए है।

**किसानों की ईकेवायसी किसानों के हित में :** भू-अभिलेख अधिकारी स्मिता देशमुख ने जानकारी देते हुये बताया कि जिले की 11 तहसीलों में 1272766 किसान है। जिसमें से अब तक ईकेवायसी केवल 96186 किसानों ने करवाई है। अभी भी 1176580 किसानों की ईकेवायसी पेंडिंग है। जबकि यह ईकेवायसी किसानों के लिये कई योजनाओं में महत्वपूर्ण मानी जाती है। किसानों को एमपी कियोस्क के अलावा अन्य माध्यमों से भी समग्र ईकेवायसी करवाई जा सकती है। इस संबंध में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने भी किसानों से ईकेवायसी करवाने का आह्वान किया है।

## उपार्जन समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# किसानों को भुगतान और धान परिवहन में गति पर फोकस करेंगे विभाग: कलेक्टर डॉ. मिश्रा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर ड़ॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने धान उपार्जन से जुड़े विभागों के साथ मंगलवार को जिला उपार्जन समिति की बैठक की। बैठक में कलेक्टर ड़ॉ. मिश्रा ने सहकारिता विभाग को किसानों के भुगतान के सम्बंध में निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि शेष बचें किसानों को भुगतान की रिपोर्ट हर दिन उन्हें प्रस्तुत की जाए। इसके अलावा धान परिवहन के सम्बंध में संबंधित विभागों से कहा कि परिवहन के कार्य मे तेजी लाई जाए। जिले में लगभग 55 उपार्जन केंद्रों का परिवहन कार्य पूर्ण हो चुका है। इन केंद्रों की प्रथम, द्वितीय और तृतीय तौल का डेटा 3 दिनों के भीतर उपलब्ध कराएंगे। कलेक्टर ड़ॉ. मिश्रा ने नॉन एफएक्यू धान की मात्रा की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। पूर्व में उपार्जन कार्य के दौरान 23 मिलर्स को सीएमआर जारी नही करने के कारण शोकॉज जारी किए गए थे। इस पर आगामी कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। बैठक में डीएसओ ज्योति बघेल आर्य, डीएमओ श्री रघुवंशी, जिला खाद्य आपुर्ति अधिकारी श्रीमती ज्योति बघेल, कृषि उपसंचालक राजेश कुमार खोब्रागढ़े, सीसीबी सीईओ आरसी पटले व अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



### स्पर्श जागरूकता अभियान में कुष्ठ रोग का होगा निवारण

**बालाघाट।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मुलन कार्यक्रम के अंतर्गत 30 जनवरी से स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान प्रारंभ किया गया है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में तथा सीएमएचओ डॉ. मनोज पाण्डेय के मार्गदर्शन में कुष्ठ निवारण के लिये यह जागरूकता अभियान 13 फरवरी तक चलाया जायेगा। इस अभियान के माध्यम से जनसमुदाय में कुष्ठ रोग की जानकारियॉ दी जायेगी। अभियान के अंतर्गत सभी जनपदों में स्वास्थ्य अमले द्वारा गांवो में बैठकों के दौरान कुष्ठ पीढ़ित व्यक्तियों के प्रति समाज में व्याप्त भ्रांतियों एवं भेदभाव को समाप्त करने के बारे में चर्चाएं की जायेगी।

# बालाघाट गॉट टैलेंट प्रतियोगिता : 38 बच्चों ने विभिन्न विधाओं में दिखाई प्रतिभा, होंगे पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

नगर के उत्कृष्ट विद्यालय में रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा बालाघाट महोत्सव का आयोजन कर रहा है। 26 जनवरी से शुरू हुए महोत्सव में स्कूली विद्यार्थियों को मंच पर आकर प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

इसी के तहत मंगलवार रात को बालाघाट गॉट टैलेंट में विभिन्न विधाओं गायन, नृत्य, वाद्ययंत्र, कराते, सूंघ का वस्तु की जानकारी, रैपर सहित अन्य विद्याओं में 38 खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में बतौर अतिथि वारासिवनी विधायक विवेक विक्की पटेल और उद्योगपति अतुल वैद्य उपस्थित थे।



अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि निश्चित ही इस मंच से निकली प्रतिभाएं, बड़े मंचों तक पहुंचकर जिले का नाम गौरवान्वित करेगी। उन्होंने कहा कि बालाघाट में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत हैं, तो प्रतिभाओं को मंच दिलाकर उन्हें आगे बढ़ाने की। इन्हें रोटरी क्लब मंच प्रदान कर प्रोत्साहित कर रहा है।

गौरतलब है कि 55 प्रतिभाओं में 38 प्रतिभाओं का चयन बालाघाट गॉट टैलेंट के लिए किया गया था। जिसमें 30 सिंगल और 8 ग्रुप समूह थे। जिनमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आगामी समय में पुरस्कृत किया जाएगा।

### दो दिवसीय आयुष्मान शिविर का आयोजन

**बालाघाट।** विश्व की सबसे बड़ी निःशुल्क स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत योजना के अतंर्गत पात्र हितग्राहियों के शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के उद्देश्य से बालाघाट नगर के अलग-अलग वार्डो में आयुष्मान शिविर आयोजित किये जा रहे है इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 25 व 26 के पात्र हितग्राहियों के दो दिवसीय शिविर का आयोजन आज 31 जनवरी बुधवार से प्रारंभ हुआ। प्रथम दिन 37 नये आयुष्मान कार्ड बनाये गये एवं 7 पुराने आयुष्मान कार्ड को अपडेट किये गये। स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन बालाघाट के विशेष मार्गदर्शन पर नगरपालिका क्षेत्र बालाघाट में आयुष्मान शिविरों को आयोजन किया जा रहा है। शिविर में आयुष्मान कार्ड के अलावा निःशुल्क कानूनी सलाह योजना, संबंल कार्ड, ईश्रम कार्ड आदि बनवाने से मिलने वाले लाभों की जानकारी प्रदान की जा रही है। शिविर गुरूवार 1 फरवरी को रेशुल किराना के पास, मोतीतालाब रोड मोतीनगर बालाघाट में 10 बजे से सायं 8 बजे तक प्रारंभ रहेगा।

# विधायक अनुभा मुंजारे ने किया अस्पताल का निरीक्षण

## आम जनता से बोली- चिकित्सालय में पैसा मांगे तो करें शिकायत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला चिकित्सालय में व्याप्त समस्याओं की जानकारी के बाद आकस्मिक निरीक्षण में पहुंची विधायक अनुभा मुंजारे ने जिला चिकित्सायल के सर्जिकल, मेडिकल, गहन चिकित्सा इकाई, नेत्ररोग और प्रसूती वार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां भर्ती मरीजों से चर्चा भी की। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष योगराज कारो लिल्हारे पूर्व पार्षद और सिविल सर्जन संजय धबड़घाव भी उपस्थित रहे।



उनका निरीक्षण खास अस्पताल में डायलिसिस सुविधा पर था। जिसके बंद होने की शिकायत पर वह निरीक्षण करने पहुंची थी। जहां मशीनों के बंद होने पर उन्होंने जिला चिकित्सालय प्रबंधन को निर्देशित किया कि इस सुविधा को प्रारंभ किया जाए। उन्होंने कहा कि मशीन को बदला जाए या फिर सुधारा जाए।

विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि डायलिसिस मशीनों के बंद होने से मरीज परेशान हो रहे है। जिससे उन्हें बाहर जाकर, राशि खर्च कर डायलिसिस करवाना पड़ रहा है। जिससे गरीब मरीजों का जीवन खतरे में है। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में गरीब मरीज ईलाज कराने आते है, जिन्हें चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाएं, निर्बाध रूप से मिलनी चाहिए।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रसूती वार्ड में अनधिकृत लोगों के प्रवेश और प्रसव के लिए राशि की मांग पर रोक लगाए जाने के निर्देश हमने चिकित्सालय प्रबंधन को दिए है। उन्होंने जनता से भी अपील की है कि चिकित्सालय में इलाज के दौरान आने वाले लोगों से यदि स्वास्थ्य सुविधा को लेकर कोई पैसों की मांग करें तो वह दमदारी से इसकी शिकायत करें, वह उनके साथ है।

जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान विधायक श्रीमती मुंजारे ने मरीजों से चर्चा कर उनके स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सुविधाओं की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की सुविधा पर संतुष्टी जाहिर करते हुए कहा कि अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर है, जो कमी है, उसका दूर करने के निर्देश दिए है।

# बाल संरक्षण एवं बाल तस्करी की रोकथाम पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश चन्द्र थपलियाल के मुख्य आतिथ्य में बाल संरक्षण एवं बाल तस्करी रोकथाम विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। यह आयोजन आवाज जन कल्याण समिति के समन्वय से जिला न्यायालय सभा कक्ष में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री थपलियाल द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में श्री थपलियाल ने बताया कि बाल तस्करी देशभर में व्याप्त एक गंभीर समस्या है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम इसी दिशा में एक आवश्यक एवं अनुकरणीय कदम हैं इस प्रशिक्षण के माध्यम से सभी प्रतिभागी परस्पर चर्चा कर दुसरे विभागों के कार्य एवं समस्याओं को समझेंगे एवं बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने में समर्थ हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलजुल कर इस दिशा में कार्य करेंगे एवं जन-जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करेंगे। वहीं बाल कल्याण समिति अध्यक्ष श्रीमति अनिता खरे द्वारा बाल तस्करी के प्रमुख कारणों के संबंध में बताया गया। साथ ही प्रशासक वन स्टाप सेंटर रचना चौधरी द्वारा बालको के अधिकारो एवं हेल्पलाइन नंबर के संबंध में जानकारी दी गई।



कार्यक्रम में न्यायाधीश एट्रोसिटी रविन्द्र सिंह कुशवाह, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अजय कान्त पांडे, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आसिफ अब्दुल्लाह, अपर सत्र न्यायाधीश श्री अमर कुमार शर्मा, श्रीमति नौसीन खान, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजीव कटारे, न्यायिक मजिस्ट्रेट विकास विश्वकर्मा, दयालसिंह सूर्यवंशी, भूपेन्द्र सिंह, प्रशिक्षु न्यायाधीश सुश्री शीनी जैन, सुश्री कृतिका मिश्रा, सुश्री अनिशा मिश्रा, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीतेन्द्र मोहन धुर्वे, आवाज जन कल्याण समिति से शिवगिरि गोस्वामी लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स, छात्र-छात्राएं एवं समस्त पैरालीगल वालेन्टियर्स आदि उपस्थित रहें।

### मारपीट के 4 आरोपियों का पुलिस ने निकाला जुलूस

**बालाघाट।** मामूली विवाद पर युवक को बेरहमी पीटने वाले चार आरोपियों को वारासिवनी पुलिस ने गिरफ्तार कर थाने से न्यायालय तक जुलुस निकाला। न्यायालय ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भिज दिया। इंडोर स्टेडियम के पास बीते गणतंत्र दिवस को हुए विवाद में कुछ युवको ने कोस्ते निवासी सुजीत नेवारे को दौड़ा-दौड़ाकर मारा। युवकों ने साथ बेल्ट और लात-घूंसो से पीटकर उसे अधमरा कर दिया। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने पीड़ति युवक की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना के 3-4 दिन बाद पुलिस ने आरोपी विशाल पुत्र गणेश नंदागौली, महेन्द्र पुत्र नंदकिशोर मानेश्वर, आशीष पुत्र दशरथ ठाकुर और सुमेस पुत्र नरेन्द्र राउत को गिरफ्तार कर लिया।